

# जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## राज्यमंत्री राधा सिंह ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी, गणतंत्र दिवस में आन-बान शान से लहराया तिरंगा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 जनवरी । जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत हर्ष, उल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में आन बान शान से तिरंगा लहराया। मुख्य समारोह राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित किया गया।**

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राधा सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। सभी नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह में आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई परेड कमान्डर सुबेदार आशीष तिवारी परेड के उप कमान्डर पुष्पेन्द्र धुर्वे के नेतृत्व में औद्योगिक सुरक्षा बल, विशेष शसस्त्र बल, जिला पुलिस बल, होम गार्ड एवं परेड जूनियर में शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय बैढ़न, अग्रणी महाविद्याय बैढ़न, डीएव्ही पब्लिक स्कूल, शास. कन्या उमा विद्यालय बैढ़न, शास. कन्या उमा विद्यालय, शास. उमा, शास. उम विद्यालय, इंडियन चिल्ड्रेन विद्यालय, महिला एवं बाल विकास के द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश के अनंन्त उचाई को छूने के लिए मुक्त किये। समारोह में विभिन्न विद्यालयो के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य एवं गीत की प्रस्तुतिया देकर उपस्थित जन समूह को मन मुग्ध किया । समारोह में विभिन्न विभागो द्वारा आकार्षक झाकियों के माध्यम से शासन की योजनाओं और कार्यक्रमो को प्रदर्शित किया गया। जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन, आजीविका मिशन, आत्म निर्भर महिलाए, लखपति दीदी, एक बगिया माँ के नाम आदर्श ग्राम पंचायत की परिकल्पना, ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल रही थीम पर झाकी निकाली गई। वही वन विभाग के द्वारा कूनो नेशनल पार्क में लाए गये चीतो के थीम पर आधारित झाकी निकाली गई। पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरक्षा के लिए सृजन कार्यक्रम एवं साईबर क्राईम जागरूकता अभियान विषय झाकी निकाली गई।



### गणतंत्र दिवस पर्व पर इनकी रही उपस्थिति

समारोह के दौरान सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर गौरव बैनल, कलेक्टर की धर्मपत्नी ममता पाण्डेय, एसपी मनीष खत्री, एसपी की धर्मपत्नी लीना खत्री, जिपं सीईओ जगदीश गोमे, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, जिपं उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, पूर्व विधायक राम लल्लू बैस, पूर्व विधायक सुभाष बर्मा, अपर कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सुरेश जाधव, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, ननि आयुक्त सविता प्रधान, तसीलदार सविता यादव, जान्हवी शुक्ला, सीएसपी पीएस परस्ते, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद डामोर, डीईओ एसबी सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, डीपीसी आरएल शुक्ला, नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहित अन्य मौजूद रहे।

### सबरी आवासीय कन्या विद्यालय ने पाया प्रथम स्थान



गणतंत्र दिवस परेड सीनियर में प्रथम स्थान केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, द्वितीय विशेष सशस्त्र बल एवं तृतीय स्थान होमगार्ड को मिला है। परेड जूनियर में प्रथम स्थान एनसीसी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न, द्वितीय स्थान पर शासकीय अग्रणी महाविद्यालय बैढ़न, शास. उमा विद्यालय कन्या बैढ़न, समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान माता सबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बरगवां, द्वितीय स्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न एवं तीसरा स्थान सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न ने प्राप्त किया। समारोह में प्रदर्शित झाकियों में पहल पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सिंगरौली ने प्राप्त किया। वही दूसरा स्थान महिला बाल विकास विभाग सिंगरौली को तीसरा स्थान संयुक्त रूप से पुलिस एवं वन विभाग सिंगरौली ने प्राप्त किया।

## एक नजर में

### कोरावल विकास मंच ने किया भारत माता की आरती




**सिंगरौली।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कोरावल विकास मंच द्वारा भारत माता की आरती का आयोजन किया गया, जिसमें दीप प्रज्वलित कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैकहवा में देश भक्ति गीत के साथ स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुत किया एवं भारत माता की आरती की गई। संगठन के जिसमें डॉ. रमाशंकर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में जो भी कोरावल क्षेत्र के अंदर समस्या होगी, हम मिलकर के उसका हल निकालेंगे। हमें अब स्वयं अपनी विकास के लिए एकजुट होकर लड़ना पड़ेगा, इसके लिए संगठन को जो भी कदम उठाना पड़ेगा, जनहित के लिए संगठन तैयार रहेगा। जिसमें मुख्य रूप से सचिव शिवगंगा साहू, बलिकरण सिंह, लाल सुंदर सिंह, महेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### मिलावटी दूध का कारोबार चरम पर

**सिंगरौली।** जिले में मिलावटी दूध का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है, जिससे आमजन की सेहत के साथ गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक दूध में पानी, डिटर्जेंट, केमिकल और सिंथेटिक पदार्थ मिलाकर बिक्री किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। जानकारी के अनुसार कलेक्टर द्वारा पूर्व में खाद्य सुरक्षा विभाग को जांच के आदेश जारी किए गए थे लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। न तो नियमित सैंपल लिए जा रहे हैं और न ही दोषियों पर कठोर दंडात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मिलावटी दूध से बच्चों और बुजुर्गों में पेट संबंधी बीमारियों के साथ गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि दूध विक्रेताओं पर सघन जांच अभियान चलाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को शुद्ध दूध मिल सके और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो।

### बरका में सड़क दुर्घटना में छ: घायल



**सिंगरौली।** जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बरका में बीते दिन सोमवार को सड़क दुर्घटना में छः लोग घायल हो गये। घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। वहीं दो की हालत गभीर होने के चलते जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। इधर सूत्रों की बातों पर गौर करें तो, इस घटना में स्थानीय लोगों ने काफी मानवता दिखाई। घायलों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया, लेकिन पुलिस इसे सामान्य घटना बता रही है।



# संविधान सिखाता है समानता सेवा और मानवता : एसडी

## रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली में मना गणतंत्र दिवस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 जनवरी । इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा केंद्रीय कार्यालय डीडीआरसी भवन के परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत देशभक्तिपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एसडी सिंह द्वारा विधिवत ध्वजारोहण किया गया।**

ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया, जिससे समूचा परिसर देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर पर चेयरमैन एसडी सिंह ने उपस्थित अधिकारियों, सेवायुक्तों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमें समानता, सेवा और मानवता के मूल्यों पर चलने की प्रेरणा देता है, जिन्हें रेडक्रॉस सोसायटी निरंतर अपने कार्यों के माध्यम से साकार कर रही है। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सचिव डॉ. ओपी राय एवं प्रबंध समिति सदस्य डॉ. आरडी. द्विवेदी, डॉ. एनके जैन, डॉ. आरडी पांडेय, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार त्रिपाठी सहित रेडक्रॉस सोसायटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इसके साथ ही रेडक्रॉस सोसायटी के समस्त विभाग केंद्रीय कार्यालय, ब्लड सेंटर, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, बालिका खुला आश्रय गृह में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाएं एवं वहां कार्यरत सेवायुक्त, जन औषधि केंद्र के सेवायुक्त तथा अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए जनसेवा के संकल्प को दोहराया।

# क्षेत्र के हर एक नागरिक को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का लें संकल्प : सविता

## गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर नगर निगम कार्यालय में महापौर ने किया ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 जनवरी । गणतंत्र दिवस की 77 वाँ वर्षगांठ पर नगर निगम कार्यालय में नपानि महापौर रानी अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर शहीदों व संविधान निर्माता बाबा साहेब को याद किया। ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान का गायन किया गया, तत्पश्चात् सभी ने भारत माता के जयकारों के साथ तिरंगे को सलामी दी।**



इस अवसर पर महापौर अग्रवाल ने माँ भारती के चरणों में नमन करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज हम सब गणतंत्र दिवस कि 77वीं वर्षगाँठ मनाने इस प्रांगण में एकत्रित हुए है। यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदान की याद दिलाता है, जिनकी वजह से हम आज आजादी की हवा में साँस ले पा रहे हैं, हमारे देश के वीरों के संघर्ष ने हमें यह सीख दी है की हमारे लोकतंत्र की असली ताकत हमारे नागरिकों में छिपी हुई है, उसी तरह हमारे इस लोकतंत्र में नगर निगम सिंगरौली की ताकत नागरिक या जनता से है और जनता है तो नगर निगम है एहम सब नागरिकों की सेवा के लिए हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुयें ननि आयुक्त सविता प्रधान ने कहा कि आज के दिन संविधान लागू हुआ। जिन्होंने देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर किए उन शहीदों को हम नमन करते है। ननि आयुक्त ने कहा कि हमारे संविधान से हमें यह सीख मिलती है कि देश, परिवार, संस्था जहाँ हम काम करते हैं उसके प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ पालन कर, राष्ट्र परिवार और अपनी संस्था की अखंडता और एकजुटता को बनाए रखने की दिशा में काम करेंगे। हम अपने साथ-साथ दूसरे के अधिकारों का भी ध्यान रखेंगे और यही हमारे द्वारा संविधान के प्रति सम्मान होगा। इस अवसर पर मेयर इंन काउसिल के सदस्य श्यामला देवी, पार्षद सीमा जायसवाल, कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, उपायुक्त आरपी बैस सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# एसपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया ध्वजारोहण

## कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को एसपी ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 जनवरी । 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी को एसपी मनीष खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वजा फहराया गया।**



ध्वजारोहण उपरांत उन्होंने तिरंगे को सलामी दी तथा कार्यालय में उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर सीएसपी पीएस परस्ते, थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार, थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना द्विवेदी, टीआई यातायात दीपेन्द्र सिंह कुशवाह, रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, उप निरीक्षक सुधाकर सिंह परिहार, उप निरीक्षक पवन सिंह सहित एसपी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# कलेक्टोरेट में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 जनवरी ।** गणतंत्र दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर गौरव बैनल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सब सदैव आमजनता के कल्याण के लिए कार्य करें, हर अधिकारी और कर्मचारी सौंपे गये दायित्व का ठीक से निर्वहन करके राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। आमजनता को वांछित सेवाएँ तय समय सीमा में देकर हम अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

# एनटीपीसी रिहंद, एनटीपीसी के बड़े ऊर्जा केन्द्रों में से एक है : अनिल

## एनटीपीसी रिहंद में हर्षोल्लास के साथ मना 77वां गणतंत्र दिवस समारोह

नवभारत न्यूज

**रिहंदनगर 27 जनवरी । एनटीपीसी रिहंद में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह परिसर स्थित सोनशक्ति स्टेडियम में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**



इस अवसर पर परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक द्वारा ध्वज फहराया गया। ध्वज फहराने के पूर्व परियोजना प्रमुख तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, शिखा श्रीवास्तव अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी । डीएव्ही स्कूल के विद्यार्थियों के साथ सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया, जिसमें सीआईएसएफ के जवानों एवं छात्र-छात्राओं ने अनुशासित एवं आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों, विद्यार्थियों एवं सम्बद्ध एजेंसियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने सम्बोधन में आगे उन्होंने कहा कि एनटीपीसी रिहंद, एनटीपीसी के बड़े ऊर्जा केन्द्रों में से एक है । एनटीपीसी रिहंद केवल विद्युत उत्पादन स्थल ही नहीं अपितु अनुशासन, टीम वर्क, तकनीकी कौशल और राष्ट्र सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है ।


# राज्यमंत्री ने सांदीपनी विद्यालय में बच्चों के साथ किया भोजन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 जनवरी । गणतंत्र दिवस समारोह के साथ सिंगरौली जिले के सभी स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया गया।**

जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन सीएम संदीपनी विद्यालय हिर्रवाह में आयोजित किया गया। विशेष मध्यान्ह भोजन में गणतंत्र दिवस की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री राधा सिंह , सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर गौरव बैनल एवं एसपी मनीष खत्री ने बच्चों के साथ खीर-पूड़ी खाई। विशेष मध्यान्ह भोजन में अपर कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सुरेश जाधव, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, ननि आयुक्त सविता प्रधान, तसीलदार सविता यादव, जान्हवी शुक्ला, सीएसपी पीएस परस्ते, अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर, डीईओ एसबी सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह, बिक्रम बिक्रम सिंह राठौर, डीपीसी आरएल शुक्ला, ननि के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहित संदीप विद्यालय के प्राचर्य शिक्षक गणो ने छात्रो के साथ विशेष मध्यान भोजन किया।





# रेल से कट कर छात्र की मौत, बरगवां की घटना

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 जनवरी ।** बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनिहारी निवासी मार्कण्डेय बैस के पुत्र शनि 16 वर्ष जो कक्षा 10वीं का छात्र था, उसकी रेल से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना बरगवां रेलवे स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर दूर मोक्खा के पास हुई, जहां सुबह करीब 3 बजे निकली ट्रेन से कटने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर बरगवां पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बच्चा घटनास्थल तक कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है।

# एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख ने राष्ट्रीय पर्व की महत्ता को किया रेखांकित

## एनटीपीसी सिंगरौली में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का ऐतिहासिक आयोजन

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 27 जनवरी । एनटीपीसी सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन, शक्तिनगर में 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप नायक परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय ध्वजा फहराकर ध्वज को सलामी दी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। इस परेड में एनटीपीसी सिंगरौली परिसर स्थित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा सीआईएसएफजवानों के साथ कदमताल करते हुए अनुशासित एवं मनमोहक परेड की प्रस्तुति दी। अपने संबोधन में परियोजना प्रमुख संदीप नायक ने राष्ट्रध्वज को नमन करते हुए भारत की स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रनायकों के अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया तथा



एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना में समर्पित भाव से ऊर्जा उत्पादन में योगदान देने के लिए एनटीपीसी कर्मियों एवं स्थानीय जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रीय पर्व की महत्ता को रेखांकित करते हुए एनटीपीसी की उपलब्धियों एवं भावी लक्ष्यों से भी सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात बाल भवन, डॉ. अंबेडकर स्कूल, विवेकानंद स्कूल, जीआईसी स्कूल एवं सेंट जोसेफस्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। सीआईएसएफ के जवानों द्वारा उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया। इस अवसर पर परियोजना में कार्यरत कर्मठ कर्मचारियों, सीआईएसएफ कर्मियों, संविदाकर्मियों एवं अन्य सहयोगी जनों को मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा संजीवनी चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए गए एवं जरूरतमंद लोगों को कम्बल प्रदान किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली परिसर के प्लांट सेवा भवन पार्क, प्रशासनिक भवन, टाइनी टॉट्स स्कूल, मनोरंजन केंद्र तथा अंबेडकर विद्यालय में भी राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक फहराया गया।